**केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण**
**सेवा भवन, आर.के.पुरम**
**<u>राजभाषा अनुभाग</u>**

**विषय: केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण में हिंदी पखवाड़े का आयोजन.**

दिनांक 14 से 28 सितंबर, 2016 तक केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण में विगत वर्षों की भांति इस बार भी हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया। 14 सितंबर, 2016 को पखवाड़े का उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया जिसमें माननीय गृह मंत्री महोदय का संदेश अध्यक्ष, केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा पढ़ा गया। सदस्य (ई. एंड सी.) ने माननीय विद्युत राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) की अपील पढ़कर सभा को संबोधित किया। इस अवसर पर राजभाषा प्रभारी तथा अध्यक्ष केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण द्वारा अपनी ओर से भी व्याख्यान दिए गए (प्रतियां संलग्न). अध्यक्ष महोदय ने इस बात पर जोर दिया कि अनुवाद पर आश्रित रहने के बजाय राजभाषा में मौलिक रूप से कार्य किया जाए। इस बात पर भी जोर दिया गया कि केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण के सभी अधिकारी/कर्मचारी राजभाषा अधिनियम एवं नियमों का अनुपालन करने में पूर्ण सहयोग दें तथा राजभाषा के प्रचार -प्रसार में अपना पूर्ण सहयोग देने की कृपा करें। उद्घाटन समारोह में दीप प्रज्ज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ संक्षिप्त सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें कार्मिकों ने हिंदी में स्वरचित कविताओं का पाठ भी किया, जिसको कि उपस्थित श्रोतागणों ने काफी सराहा।

पखवाड़े के दौरान निबंध लेखन, टिप्पण एवं आलेखन, श्रुतलेखन एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगितों का भी आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न स्तर के कार्मिकों ने उत्साहपूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिताओं के विजेताओं को 28 सितंबर, 2016 को हुए समापन समारोह में पुरस्कृत किया गया। वर्ष 2015-16 के दौरान हिंदी में अधिकतम कार्य करने वाले एचईटीडी प्रभाग को अध्यक्ष महोदय द्वारा चलवैजंती प्रदान की गई। राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय द्वारा लागू की गई नकद पुरस्कार योजना के तहत 10 कार्मिकों को पुरस्कृत किया गया।

उद्घाटन समारोह की भांति समापन समारोह में भी राजभाषा प्रभारी के संबोधन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। इस समापन समारोह में पहली बार कंप्यूटर व प्रोजेक्टर के माध्यम से हिंदी के बारे में महान विभूतियों के विचार भी मंच पर प्रदर्शित किए गए। साथ ही साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम, पुरस्कार वितरण एवं अध्यक्ष महोदय के अध्यक्षीय भाषण के पश्चात समारोह एवं पखवाड़े का सफल आयोजन संपन्न हुआ।

**(अशोक कुमार राजपूत)**
**मुख्य अभियंता (आर एंड डी) व राजभाषा प्रभारी**

**डॉ. आर.सी. शर्मा, संयुक्त निदेशक, विद्युत मंत्रालय, श्रमशक्ति भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली**

---

**मिसिल सं. 11014/3/2016/रा. भा.** **दिनांक अक्टूबर, 2016**